आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों के 51 हजार से अधिक चयनित कर्मचारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदेश की समृद्ध बोलियों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने पर दिया बल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश सरकार चिट्टा मुक्त हिमाचल के संकल्प को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध।
- पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के लिए तैयारियां पूरी–पहले चरण का चुनाव 26 मई को।
- आदर्श चुनाव आचार संहिता के बीच प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में लिए फैसलों की भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत।

पीएम–रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकारी नौकरियाँ नागरिकों के जीवन को बेहतर और आसान बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए 19वें रोजगार मेले को संबोधित करते हुए ये बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने अपने कर्मयोगियों पर भरोसा जताया और अब यह उनकी ज़िम्मेदारी है कि वे अपनी लगन, आचरण और रोज़मर्रा के कामों से उस भरोसे का मान रखें और उसे और मज़बूत करें।

आज 19वें रोजगार मेले में सरकार के अलग–अलग विभागों और संगठनों में चयनित 51 हज़ार से भी ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे गए।

अनुराग ठाकुर

इस बीच भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि युवा रोजगार सृजन में केंद्र की मोदी सरकार ने 12 सालों में नया इतिहास रचा है। अनुराग ठाकुर ने आज कहा कि रोजगार मेला युवा रोजगार के प्रति मोदी सरकार की बेजोड़ प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का कार्यकाल युवाओं को रोजगार, सम्मान और आत्मनिर्भरता देने वाली सरकार के रूप में याद किया जाएगा।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदेश की समृद्ध बोलियों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। राज्यपाल ने आज लोकभवन शिमला में उनसे भेंट करने आए वरिष्ठ लेखक डॉक्टर ओ.पी. शर्मा से बातचीत में कहा कि प्रदेश की विभिन्न स्थानीय बोलियां यहां की पहचान, परम्पराओं और लोगों की सामूहिक संस्कृति को प्रदर्शित करती हैं। इन बोलियों को साहित्यिक और लिखित माध्यम से संरक्षित किया जाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ी रहें।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार चिट्‌टा मुक्त हिमाचल के संकल्प को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में कहा कि सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से इस चुनौती का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार जहां अपराधियों पर कानूनी शिकंजा कस रही है वहीं नशे से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए भी कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार के चिट्‌टा मुक्त अभियान के साथ अभी तक राज्य में दो लाख 34 हजार से अधिक लोग जुड़ चुके हैं।

## पुलिस मैराथन

हिमाचल प्रदेश पुलिस चिट्‌टे के खिलाफ 5 जून को शिमला में एंटी चिट्‌टा व स्वच्छ पर्यावरण जागरूकता मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन करेगी। प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने शिमला में कहा कि इस दौड़ का उद्‌देश्य विशेष रूप से युवाओं और आमजन को नशे के विरूद्ध एकजुट करना और उन्हें पर्यावरण संरक्षण, फिटनेस व सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। 5 जून को ही विश्व पर्यावरण दिवस भी है।

## ईंधन कीमत वृद्धि

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज 91 पैसे प्रति लीटर तक की वृद्धि हुई है। पिछले 10 दिन में तेल के मूल्यों में तीसरी बार वृद्धि हुई है। यह वृद्धि ईरान संघर्ष और होर्मुज में व्यवधान के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आएं उछाल के बीच हुई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देश में पेट्रोल और डीज़ल की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति स्थिर बनी हुई है।

## एमओयू

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला और एक निजी कंपनी कॉस्मो फेराईट्स लिमिटेड के बीच आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। ये एमओयू ग्रीन एनर्जी, एडवांस्ड मैटेरियल्स और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों के क्षेत्र में शोध और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह ने इसे हिमालयी क्षेत्र में ग्रीन टैक्नोलॉजी शोध की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

## सिकंदर

राज्यसभा सांसद प्रोफेसर सिकंदर कुमार ने विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने इस टिप्पणी के समर्थन के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग से स्पष्ट हो गया कि विपक्ष के पास कोई मुद्‌दा नहीं है। प्रोफेसर सिकंदर ने कहा कि विपक्ष की अभद्र टिप्पणी से लोकतांत्रिक परम्पराओं पर गहरा आघात हुआ है।

## पंचायत चुनाव

प्रदेश में तीन चरणों में 26, 28 व 30 मई को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर चुनाव प्रचार पूरे जोरों पर है। इस बीच राज्य चुनाव आयोग ने पंचायतीराज चुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन तीनों चरणों में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के विभिन्न पदों के लिए मतदान होगा। चुनाव आयोग ने पूरे प्रदेश में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। वहीं चुनाव ड्यूटी में करीब 35 हजार कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

## शिकायत

प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार द्वारा बीते रोज मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की राज्य चुनाव आयोग से शिकायत की है। इस संबंध में आज भाजपा के चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक जे.सी. शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल चुनाव आयोग से मिला और मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों को चुनाव आचार संहिता की भावना के विपरीत करार दिया। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से इस मामले में तुरंत सरकार के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा शिमला ज़िला अध्यक्ष केशव चौहान भी शामिल थे।

## भाजपा

प्रदेश भाजपा मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार के जनविरोधी फैसलों के कारण हिमाचल देश का सबसे महंगा राज्य बन गया है। कर्ण नंदा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस 3 सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने के वायदे पर सत्ता में आई थी लेकिन अब पहले से मिल रही एक सौ 25 यूनिट मुफ्त बिजली को बंद कर दिया गया है। यही नहीं बिजली के दाम लगभग साढ़े 5 रुपये प्रति यूनिट वसूले जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से इस बढ़ौतरी को तुरंत वापिस लेने की मांग की।

## मौसम

प्रदेशवासियों को एक बार फिर जोरदार गर्मी का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने 26 व 27 मई को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर सहित राज्य के 6 ज़िलों के अलग–अलग स्थानों पर हीट–वेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमानों के अनुसार 25 मई तक राज्य के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलती रहेगी। विभाग ने इस दौरान प्रदेश के शिमला सहित मध्यम व ऊंचाई वाले अलग–अलग स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना जताई है। इस बीच बीते रोज राज्य के अधिकांश स्थानों पर हुई वर्षा और अधिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर बर्फबारी से प्रदेशवासियों को चिलचिलाती गर्मी से हल्की राहत मिली है। आज भी राजधानी शिमला और ज़िले के ऊपरी इलाकों में हल्की वर्षा हुई। इस दौरान कुमारसैन और कोटगढ़ के कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि की भी सूचना है।

कर्मचारी

राज्य पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों मेंं समय पर वेतन न मिलने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन में आज निगम के कर्मचारियों ने गेट मिटिंग कर सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर चालक–परिचालक यूनियन के उपाध्यक्ष धमेंद्र शर्मा ने कहा कि अगर एक जून तक निगम के कर्मचारियों के बैंक खातों में वेतन नहीं आया तो कर्मचारी हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होंगे। वर्कशॉप कर्मचारियों ने भी वेतन न मिलने पर टूल डाउन की चेतावनी दी है।